विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्र. 4126 के प्रश्नांश "ग" का परिशिष्ट "अ"

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्य प्रदेश

क्रमांक 5 / विकास / सेल–4 / 2015 / 32   भोपाल दिनांक 7/2/15

प्रति,

निज सचिव,
माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी,
मध्य प्रदेश शासन,
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
मंत्रालय भोपाल,
मध्य प्रदेश।

विषय:–सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जामई को 100 बिस्तरी अस्पताल में उन्नयन कर नया अस्पताल भवन स्वीकृत करने बाबत्।

संदर्भ:–आपका पत्र क्रमांक 3689 / मंत्री / लोक स्वा.एवं परि.क. / 13 / दिनांक 17.12.2014

––0––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय नथनशाहा कवरेती, विधायक विधान सभा क्षेत्र जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जामई को 100 बिस्तरी अस्पताल में उन्नयन कर नया अस्पताल भवन स्वीकृत करने हेतु माग की है।

जिला छिंदवाड़ा के विकास खण्ड जामई की वर्ष 2011 के मान से जनसंख्या 1,174650 है। जनसंख्या के मान से 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की पात्रता आती है, वर्तमान में इस विकास खण्ड के अंर्तगत 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (जामई व दमुआ) स्वीकृत है।

विकास खण्ड जामई आदिवासी क्षेत्र है। जनसंख्या के मान से 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 08 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 52 उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है। इन स्वास्थ्य संस्थाओं से विकास खण्ड की ग्रामीण जनता को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रदेश में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की निरंतर कमी है। प्रदेश के स्वीकृत स्वास्थ्य संस्थाओं में चिकित्सको एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पूर्ति की जाने में कठिनाई हो रही है।

अतः छिंदवाडा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जामई को 100 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन करने में कठिनाई है।

<u>संचालक द्वारा अनुमोदित,</u>

Seema
उप संचालक (विकास)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्य प्रदेश

पृ.क्रमांक 5 / विकास / सेल–4 / 2015 / 33   c/c   भोपाल दिनांक 7/2/15

प्रतिलिपि:–

श्री नथनशाहा कवरेती, विधायक विधायक, विश्राम गृह खण्ड क्रमांक 1 कमरा नम्बर 78–79 भोपाल मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

Seema
उप संचालक (विकास)
c/c   संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

उप संचालक स्वास्थ्य सेवायें